बरेली, मंगलवार
30 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 34+4=38

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

## एसआरएमएस मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य मेला चार जुलाई से

**बरेली:** एसआरएमएस मेडिकल कालेज चार जुलाई को स्वास्थ्य सेवा में 24वीं वर्षगांठ मनाने के साथ ही 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। निदेशक एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति के अनुसार, कालेज में पहले दिन से ही हेल्थ फार आल, हास्पिटल फार आल को अपना आदर्श बनाया। स्थापना दिवस पर प्रति वर्ष कालेज में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता है। इस वर्ष स्वास्थ्य के प्रति विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए यह चार दिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा। युवाओं की बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, स्पाइरोमेट्री, फाइब्रोस्कैन, लिपिड प्रोफाइल, टीएसएच (थायराइड), एचबीएवनसी, केएफटी (किडनी टेस्ट), पैप स्मेयर, बीएमडी जैसी जांचें निशुल्क की जाएंगी। (वि.)



आदित्य मूर्ति • सौ. एसआरएमएस